हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 11 जुलाई 2024

06 तेज गर्मी और उमस से फसलों में कीट व्याधि बढ़ी...



07 खाद्य विभाग की टीम ने दूषित व नकली तेल के...





**खबर संक्षेप**

### सीएमएचओ कार्यालय में पौधरोपण किया



**विदिशा।** अंकुर अभियान एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत सीएमएचओ कार्यालय में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यालय परिसर में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें पौधों की जीवन में उपयोगिता एवं महत्वता को बताया गया।

### मां के नाम पर फल व छायादार पौधे लगाए



**विदिशा।** एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत जनअभियान परिषद की जिला इकाई विदिशा की टीम सदस्यों ने ग्राम घोंसूआ और करौंदा खुर्द में पौधरोपण किया। जिसमें नींबू, जामफल, आंवला, नीम, पीपल, आम प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के सदस्यों के साथ-साथ ग्रामीण जनों ने भी सहभागिता निभाई।

### पीएम आवासों में भी लगाए जा रहे पौधे




**विदिशा।** जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने ग्राम डांगरवाड़ा पहुंचकर पीएम जनमन आवास योजना से लाभांवित हितग्राहियों के आवास परिसर में पहुंचकर पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इसके अलावा यहां शासकीय स्कूल परिसर में भी पौधरोपण किया गया है। वहीं जनपद पंचायत नटेरन के सीएचसी सेंटर परियोजना क्रमांक एक वाटरशेड समिति हड़ा में भी पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में भी जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने सहभागिता निभाते हुए पौधारोपण किया है।

### थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**कस्बा बागरोद।** त्योंदा थाने में बुधवार को मोहर्रम त्योहार को लेकर मोहर्रम कमेटी, मुस्लिम त्योहार कमेटी एवं हिंदू उत्सव समिति के साथ शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, उप निरीक्षक जेपी मालवीय ने समिति सदस्यों से आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। 14 से 19 जुलाई तक मोहर्रम पर होने वाले सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली गई। सभी को आपसी सौहार्द के साथ त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील पुलिस ने समिति पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं से की है।

## बेतवा नदी का जल स्तर बढ़ा, मछलियां खाने के लिए बगुले घात लगाकर बैठे



विदिशा। 15 जून से मानसून की दस्तक के 25 दिन बाद बुधवार को बेतवा नदी में पानी आ गया है। बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर बने स्टाफ डेम से बेतवा नदी के रंगई घाट तरफ नदी का पानी गिरने लगा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

15 जून से मानसून की दस्तक के 25 दिन बाद बुधवार को बेतवा नदी में पानी आ गया है। बेतवा के बाढ़ वाले गणेश मंदिर के घाट पर बेतवा नदी अभी तक सूखी पड़ी थी। अन्य जिलों में हुई बारिश के कारण नदी लबालब हो गई है। हालांकि बारिश के इस सीजन में इस बार बेतवा नदी में अभी तक उफान नहीं आया है। बेतवा के चरणतीर्थ घाट पर अभी भी कम पानी है और जलकुंभी अभी नदी में ही है। तेज बहाव होने के बाद जलकुंभी बहकर आगे जा पाएगी। गंदे नाले मिलने के कारण बेतवा का पानी अभी भी प्रदूषित है। क्योंकि चोर घाट नाले का पानी सीधा बेतवा में मिल रहा है। भारी बारिश होने के बाद जब नदी नाले उफान पर आ जाएंगे तब कहीं जाकर बेतवा के बड़ वाले घाट पर नदी की गंदगी बहकर आगे जा सकेगी।

### कार्रवाई: प्लाऊ सहित एक ट्रैक्टर, बाइक और बोलेरो जीप जब्त की

# वनभूमि पर जुताई: 15 दिन में कई कृषि उपकरण जब्त, पांच आरोपी भी गिरफ्तार

खेतों में हकाई जुताई का काम शुरू होते ही वन भूमि पर अवैध कब्जे के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। जिनसे निपटने के लिए लटेरी का वन अमला भी मुस्तैद दिखाई दे रहा है। अमले द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।



लटेरी। भारी मशक्कत के बाद नाकाबंदी कर ट्रेक्टर को जब्त किया गया।



लटेरी। अवैध तरीके से कार में सागौन की लकड़ी ले जाते दो गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

बुधवार की सुबह लगभग 5 बजे मुखबिर की सूचना के आधार पर लटेरी का वन अमला कोलुआ पठार जंगल में पहुंचा। वहां पर एक ट्रेक्टर प्लाऊ से वनभूमि पर अवैध कब्जा करते हुए पाया गया। ट्रैक्टर को रोककर पूछताछ के दौरान एक व्यक्ति बाइक से आया और वन अमले से अभद्रता करने लगा। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सुनील पुत्र शेर सिंह यादव निवासी भीला खेड़ी बताया। इसी बीच ट्रैक्टर चालक चालाकी से ट्रैक्टर को चालू कर महावन के जंगल होते हुए लटेरी सिरोंज रोड पर भगाकर ले गया।

वन स्टाफ द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही लटेरी सिरोंज रास्ते पर सशस्त्र बल के साथ दल बनाकर ट्रेक्टर का पीछा किया गया। ट्रैक्टर चालक तेजी से सिरोंज की ओर भगाने लगा। गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस बल के सहयोग लिया गया। ट्रेक्टर को रोकने के लिए थाना मुरवास को दी गई। ट्रैक्टर चालक ने चकमा देकर बीच हाईवे से काछीखेड़ा से पगरानी रोड पर ट्रैक्टर को मोड़कर भागने लगा। वन स्टाफ लगातार उसका पीछा करता रहा। इसी बीच थाना प्रभारी आनंदपुर को बैरिकेड्स लगाने की सूचना दी गई। तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंचाया गया। चारों तरफ से नाकाबंदी कर ट्रैक्टर को पगरानी के कच्चे रास्ते पर रोकर जब्त कर लिया गया। दूसरे मामले में वन परिक्षेत्र दक्षिण में कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 08 बीए 2079 में लकड़ी के परिवहन की सूचना मुखबिर के द्वारा प्राप्त हुई। इस पर वन अमले द्वारा पीछा किया गया। बोलेरो में लकड़ी के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बोलेरो वाहन को जब्त किया गया। पिछले 15 दिनों में लटेरी वन अमले द्वारा कई कृषि उपजकरण जब्त किए गए हैं उनका उपयोग वन भूमि की जुताई के लिए किया जा रहा था। कार्रवाई में एक ट्रेक्टर, प्लाऊ, एक बाइक, बोलेरो कार सहित अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

रेंजर मुकेश केन ने बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई कर वन अपराध पर अंकुश लगाया जा रहा है। वन माफियाओं के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

## 50 मीटर सीसी सड़क निर्माण के लिए कॉलोनी के रहवासियों ने दिया धरना



विदिशा। सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते कॉलोनी के रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डंडापुरा स्थित बालाजी एनक्लेव सोसाइटी के रहवासियों ने मुख्य मार्ग से कॉलोनी को जोड़ने वाली 50 मीटर लंबी सड़क को बनवाने धरना दिया। बालाजी एनक्लेव सोसाइटी के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि 18 साल हो गए हैं कॉलोनाइजर द्वारा ही इस सड़क को बनाया गया था। इसके बाद कभी दोबारा इस सड़क का निर्माण नहीं हो सका। वर्तमान में सीवर लाइन और पानी की लाइन की खुदाई के बाद सड़क जर्जर हालत में है। कॉलोनी के रहवासी कई बार शासन, प्रशासन, विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष से गुहार लगा चुके हैं पर किसी ने इस और ध्यान नहीं दिया। इसलिए मजबूरी में कॉलोनी के रहवासियों को प्रदर्शन करना पड़ा। धरना प्रदर्शन के 3 घंटे बाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा और पार्षद प्रतिनिधि सुमित मोतियानी धरना स्थल पर पहुंचे और 15 दिन के भीतर इस काम को करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से कॉलोनी के भगवानदास धनवानी, संजीव जैन, नारायण दास गोयल, श्री चंद भाऊ, मोहन नेमा, दिनेश रामानी, डॉ मोहित जैन, डॉक्टर ऋषि रघुवंशी, जेपी गुप्ता, कमल डांगरा, चंद्रकांत देवल, शिवकुमार ताम्रकार, बालकृष्ण शर्मा, संतोष अग्रवाल, देवेंद्र जोटवानी, विवेक सिसोदिया, चंचल जैन, मोनू चौधरी ,सोनू सुमन, पराग सिसोदिया, सत्यम यादव, सौरभ कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों ने अटल उद्यान में मां के नाम पर लगाया पौधा



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** बुधवार सुबह अटल उद्यान में जनप्रतिनिधियों एवं नपा के कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की। विधायक मुकेश टंडन ने मां के नाम एक पेड़ अटल उद्यान में लगाया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने भी अटल उद्यान में पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर नगर में 4 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य नगरपालिका ने लिया है। पूरे शहर में 4 हजार पौधे लगाए जाएंगे। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने शहरवासियों से भी अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील कि है।

### त्योंदा पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** त्योंदा पुलिस ने हत्या के एक मामले में फरार आरोपी अशोक आदिवासी पिता हल्के आदिवासी उम्र 28 साल निवासी ग्राम खोंगरा को ग्राम सलारपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय गंजबासौदा में पेश किया गया। प्रकरण में 8 जुलाई को त्योंदा पुलिस ने दो आरोपी हल्के आदिवासी व मुकेश आदिवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय गंजबासौदा पेश किया गया था। प्रकरण में शेष अन्य 2 आरोपी की तलाश जारी है।

## सतपाड़ा सराय हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य बदलने, एग्रीकल्चर विषय शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को सतपाड़ा सराय हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने आपस में चंदा करके एक आवेदन बनवाया और कलेक्ट्रेट पहुंच गए।

छात्रों ने कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य को आवेदन दिया और सतपाड़ा सराय स्कूल के वर्तमान प्राचार्य अरुण श्रीवास्तव को बदलने की मांग कर डाली। विद्यार्थियों ने कलेक्टर को बताया कि बताया की पूर्व प्राचार्य अच्छा काम करते थे। वर्तमान प्राचार्य की जगह पुराने प्राचार्य को ही स्कूल का प्राचार्य बनाया जाए। साथ ही विद्यार्थियों ने मांग की है कि एग्रीकल्चर विषय सतपाड़ा सराय स्कूल में प्रारंभ किया जाए।



विदिशा। प्राचार्य बदलने व एग्रीकल्चर विषय शुरू करने कलेक्टर को दिया ज्ञापन।

### सब्जियों के दामों में अचानक से आया उछाल, आलू प्याज भी महंगे

# फलों के राजा 'आम' से महंगा हुआ लाल टमाटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

तेज बारिश का दौर शुरू होते ही सब्जियों के दामों में अचानक से भारी उछाल आ गया है। बाजार में कोई भी सब्जी 40 रुपए प्रति किलो से कम भाव की नहीं है। सबसे अधिक महंगा लाल टमाटर है। बाजार में टमाटर की कीमत 80 से 100 रुपए किलो है। वहीं 5 से 10 रुपए किलो मिलने वाले आलू और प्याज के दाम भी तीन गुना बढ़ गए हैं। बाजार में आलू -प्याज 40 रुपए किलो के भाव में बिक रहे हैं। लाल टमाटर के दाम फलों के राजा आम को भी मात दे रहे हैं। बाजार में दशहरी आम के दाम 50 रुपए किलो हैं। वहीं मंडी में थोक में इसके दाम ओर भी कम बताए जा रहे हैं। वहीं हरे धनिया के दाम भी आसमान छू रहे हैं। मंडी के व्यापारियों ने बताया कि प्याज के दाम और बढ़ने की आशंका है। बारिश में सब्जियां तो एक दम ताजी आ रही हैं, लेकिन दाम बढ़े होने के कारण लोगों की जेब पर इसका असर पड़ने लगा है।



### बैग छीनने वाले को पुलिस के हवाले किया

**विदिशा।** नीमताल चौराहे पर पूजा पाठ की सामग्री बेचने वाले राकेश सोलंकी की पत्नी के हाथ में रखा रुपयों से भरा बैग छीनकर एक व्यक्ति भागने लगा। दुकान संचालक राकेश सोलंकि ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

### नपा ने गड्डे भरवाए

**विदिशा।** बारिश से सड़कों पर गड्ढे उभर आए हैं। गड्ढों में चूरी डलवाकर नपा इन्हे भरवा रही है। लेकिन बारिश होने पर वाहनों के निकलने के कारण यह चूरी बहकर नालियों में पहुंच जाती है और उसके कारण नाले और नालियां चौक हो जाते हैं।

## बीटेक में एडमिशन के लिए एसएटीआई में काउंसलिंग संबंधी कार्यशाला 13 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बीटेक में एडमिशन के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय मध्य प्रदेश का शेड्यूल जारी हो गया है।

इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। जो 25 जुलाई तक हो सकेंगे। ऐसे विद्यार्थी जिन्हें रजिस्ट्रेशन, च्वाइस फिलिंग या एडमिशन संबंधी कोई परेशानी हो या जानकारी चाहिए हो वे एसएटीआई के स्मार्ट क्लासरूम में 13 जुलाई शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जेईई मेन-2024 के परिणाम की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं, जो 25 जुलाई तक जारी रहेंगे। प्रथम चरण में संस्था एवं ब्रांच के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन (च्वाइस फिलिंग) 29 जुलाई तक होगी। कॉमन मेरिट सूची के आधार पर विद्यार्थी को 5 अगस्त से 10 अगस्त के बीच आवंटित संस्था में पहुंचकर प्रवेश करना होगा।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3556
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2972
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2450
चना
न्यूनतम भाव- 2650
उच्चतम भाव- 6756
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6350
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4425
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5710
सरसों
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5800
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-8080
मूंग
न्यूनतम भाव-4850
उच्चतम भाव-7752
धान
न्यूनतम भाव-1250
उच्चतम भाव-2450
बटरी
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-5900
तुअर
न्यूनतम भाव-7850
उच्चतम भाव-8000
मक्का
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2300
धना
न्यूनतम भाव-6280
उच्चतम भाव-6280
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-1800

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 7814 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।


## फसल की अच्छी पैदावार के लिए किसान कर रहे अच्छी बारिश की प्रार्थना

# तेज गर्मी और उमस से फसलों में कीट व्याधि बढ़ी, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







इलाके में सोयाबीन, उडद एवं धान की बोवनी के बाद फसलों का अंकुरण तो अच्छा हो गया है, लेकिन अब पिछले कुछ दिनों से अच्छी बारिश न होने से किसान चिंतित हो उठे हैं। कम बारिश, बढा हुआ तापमान और तेज उमस से फसलों में कीट व्याधियां एवं खरपतवार भी बढ गई हैं दूसरी ओर खेतों में नमी न होने से किसान कीटनाशक एवं खरपतवार नाशकों का भी छिडकाव नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में किसान अपनी फसलों को लेकर खासे चिंतित हो उठे हैं। वहीं धान रोपने के लिए भी किसान बारिश न होने से परेशान हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इलाके में इस वर्ष सर्वाधिक रकबा धान का है। मानसून की अच्छी बारिश के पूर्वानुमानों को सटीक मानते हुए किसानों ने सोयाबीन, उडद से ज्यादा धान की बोवनी की तैयारी कर रखी है। कुछ किसानों ने धान को सीधे खेतों में बोया है, जबकि अधिकांश ने खेतों में गढे बनाकर धान की पौध तेयार कर रखी है और अब अच्छी बारिश होते ही पौध रोपने की तैयारी है।

उधर शुरूआती बारिश के बाद सोयाबीन,उडद एवं धान की बोवनी कर दी गई थी और बाद में रह रहकर हुई बारिश से अब ये फसलें खेतों में अच्छी नजर आने लगी थीं, लेकिन अब बारिश न होने से इन फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है।

ग्राम बांकची के किसान नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि बारिश न होने, तेज गर्मी और उमस के कारण सोयाबीन में इल्ली का प्रकोप बढ गया है। वहीं स्यारी के मोनू लोधी ] साहबा के प्रदीप सिंह, पप्पू सिंह आदि का कहना है कि सीधी बोवनी से बोई गई धान की फसल भी अब बारिश न होने से मुरझाने लगी है। जबकि प्रदीप रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने धान की पौध तैयार करवा रखी है और उसे रोपना भी शुरू करवा दिया था, लेकिन पिछले दिनों से बारिश न होने और आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश की संभावना न दिखने के चलते उन्होंने धान रोपने का काम भी रोक दिया है। अब अच्छी और भरपूर बारिश होने पर ही धान को रोपेंगे। प्रदीप के अनुसार उनके क्षेत्र में धान रोपने वाले सभी किसान इसी तरह परेशान हो रहे हैं। कुछ किसान तो नदी, तालाब और नलकूपों से पानी खींचकर खेतों में भर रहे हैं और तब धान रोप पा रहे हैं। इन सभी किसानों का कहना है कि बारिश न होने और खेतों के सूखने के कारण वे फसलों में कीटनाशक, खरपतवार नाशक और पोषकों का भी छिडकाव नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में किसान सिर्फ मानसून की अच्छी बारिश शुरू होने का ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

वहीं कृषि विभाग के एसएडीओ अशोक सिंह कौरव का कहना है कि गर्मी और उमस से कीट व्याधियों के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है। अच्छी बारिश और तापमान में गिरावट के साथ कीट व्याधियों की भी रोकथाम हो जाएगी, लेकिन यदि किसान आवश्यक हो तो सुबह या शाम के समय तापमान कम होने पर दवाओं का छिडकाव कर सकते हैं।

उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने गुरूवार सहित आगामी दिनों में भी बारिश के पूर्वानुमान तो जताए हैं, लेकिन तापमान में गिरावट के कोई संकेत नहीं दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी 24 जुलाई तक इलाके का अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियश तक बना रह सकता है। इसके बाद तापमान में मामूली गिरावट आने की संभावना व्यक्त की गई है।

## शहर वाचनालय में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालाय पाठक संघ के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर पाठक संघ के सदस्यों ने उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने करते हुए उन्हे महान दार्शनिक बतलाया। वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को अपने आचरण में आत्मसात करने की बात कही। वाचनालाय प्रभारी सतीश शिल्पकार, विजय अरोरा ने उनके द्वारा शिकागो में दिए गए भाषण के बारे मे बतलाया। इस अवसर पर कैलाश नेमा, सतीश सेन, टीपू सोलंकी, राजा अरोरा सहित नगर पालिका शहर वाचनालय पाठक संघ के अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

## त्योंदा थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

मंगलवार को त्योंदा थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मोहर्रम को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गणमान्य नागरिक, मोहर्रम कमेटी, मुस्लिम त्योहार कमेटी एवं हिंदू उत्सव समिति के सदस्यगण और ग्रामीण मौजूद थे। बैठक में आगामी मुहर्रम त्यौहार को लेकर सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं 14 से 19 जुलाई तक मोहर्रम के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों, ग्रामों में ताजिया निकालने का समय क्या रहेगा एवं विसर्जन कब और कहां होगा इसकी जानकारी लेकर चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सभी को त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की समझाइश भी दी गई।

## खबर संक्षेप

### देहात थाना में पौधारोपण कार्यक्रम आज


**गंजबासौदा।** हरियाली महोत्सव के उपलक्ष्य में देहात थाना परिसर में गुरुवार को सुबह के समय पौधारोपण कार्यक्रम एक पौधा मां के नाम आयोजित किया गया है।

### ताराबाई शर्मा का निधन



**गंजबासौदा।** स्वर्गीय बाबूलाल शर्मा की पत्नी एवं रामगुलाम शर्मा, राजेश शर्मा, अखिलेश शर्मा गमाकर वालों की माताजी एवं कान्हा शर्मा, शिव शर्मा की दादी ताराबाई शर्मा का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास फ्रीगंज स्कूल के सामने से बुधवार को पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नगर में अनेक स्थानों पर खुले पड़े हैं विद्युत ट्रांसफार्मर बॉक्स



**गंज बासौदा।** नगर में अनेक स्थानों पर विद्युत ट्रांसफार्मर बॉक्स खुले पड़े हैं जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। बारिश के मौसम में खुले बॉक्स के पास आवारा मवेशी या कोई व्यक्ति गलती से चला गया तो करंट की चपेट में आ सकता है। गर्मी के मौसम में अनेक स्थानों पर विद्युत ट्रांसफार्मर और बॉक्स में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। बुधवार को कालाबाग क्षेत्र में भी ओवर लोड के चलते विद्युत ट्रांसफार्मर में तेज आवाज के साथ फाल्ट हो गया। जिससे इस क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बंद हो गया, बाद में विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर उसे दुरुस्त किया। उधर भारतीय स्टेट बैंक की रेलवे स्टेशन रोड स्थित शाखा के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने ही ट्रांसफार्मर खुला पडा है और वहां कनेक्शन पाइंट लटके हुए हैं। प्रतिदिन सैकडों उपभोक्ता इसी खुले ट्रांसफार्मर के आसपास से होकर निकलते हैं और कई बार विद्युत कंपनी प्रबंधन को इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिससे कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है।


## जर्जर हाल हुई पूर्वी रेलवे कॉलोनी की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पूर्वी रेलवे कालोनी के रहवासी और राहगीर इन दिनों जर्जर हाल सड़क से खासे परेशान हैं। रहवासियों ने बताया कि लाखों रुपए की लागत से दो साल पहले ही सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन लोनिवि के अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के चलते संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। जिसका यहां के रहवासियों ने सड़क निर्माण के दौरान विरोध भी किया था। जिसके चलते कुछ दिन काम बंद रहा, लेकिन ठेकेदार द्वारा अधिकारियों से सांठ गांठ कर लेने के बाद रहवासियों के विरोध करने के बाद भी गुणवत्ताहीन ढंग से सड़क का निर्माण कर दिया गया। जहां से वाहनों की आवाजाही के चलते लाखों की लागत से बनी सड़क ज्यादा नहीं टिक सकी और सड़क में बड़े बड़े गड्ढे उभर आए हैं। जिनमें दो पहिया वाहनों के पहिया उतर जाने से वाहन चालक अनियंत्रित होकर गढ्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं अन्य वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। मरम्मत के नाम पर लोनिवि ने ठेकेदार से इस मार्ग पर कुछ गड्ढों में कोपरा डलवा दिया था, जो अब और परेशानी खडी कर रहा है। रहवासियों ने उक्त सड़क को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है।

## मृत मवेशियों से उठती दुर्गंध बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



इन दिनों कलाबाग से हथौड़ा के बीच पड़ने वाली पुलिया के पास पड़े मृत मवेशियों के शरीर से उठने वाली दुर्गंध से वाहन चालक और पैदल राहगीर खासे परेशान हैं। वाहन चालकों ने बताया कि लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों द्वारा अपनी मृत मवेशी गाय, भैंस, बछड़े, कुत्ते आदि को सड़क किनारे फेंक दिया जाता है जिनसे दुर्गंध उठती रहती है। वाहन चालकों को अपना मुंह और नाक मूंदकर पुलिया पार करने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर पराशरी पुलिया के पास मृत जानवरों से उठती दुर्गंध से भी रहवासी परेशान हैं, यहां भी लोगों द्वारा मृत मवेशियों को फेंक दिया जाता है। जिससे रहवासियों, वाहन चालकों को परेशानी होती है। नागरिकों एवं वाहन चालकों ने नगर पालिका एवं पंचायत प्रशासन से मृत मवेशियों को मुख्य मार्ग से दूर नगर से बाहर फिकवाए जाने की मांग की है।

## भीषण गर्मी और उमस से परीक्षार्थी हुई बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले कुछ दिनों से इलाके में बारिश न होने से भीषण गर्मी और उमस बढ़ गई है। जिससे लोगों को काफी परेशानी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। भीषण गर्मी के चलते ही एसजीएस कॉलेज में परीक्षा दे रहीं कुछ परीक्षार्थियों की तबीयत बिगड गई और वे चक्कर खाकर बेहोश हो गईं। बाद में कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें प्राथमिक उपचार देकर परिजनों के साथ घर भेज दिया।

उल्लेखनीय है कि मानसून के आगमन से ही इलाके में रह रहकर बारिश हो रही है। जिससे तापमान में भी गिरावट नहीं आ रही है और पिछले कुछ दिनों से तो बारिश न होने से गर्मी एवं उमस भी बहुत बढ गई है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है और लोगों को चक्कर, बेहोशी एवं घबराहट की शिकायतें आ रही हैं। बुधवार को भी गर्मी एवं उमस से कुछ छात्राओं की तबीयत बिगड गई। बताया जाता है कि एसजीएस कॉलेज में इन दिनों बीए, बीएससी, एमए, एम कॉम, एलएलबी की परीक्षाएं चल रही हैं। बुधवार को कक्षाओं में पंखों की व्यवस्था होने के बावजूद तेज गर्मी एवं उमस के कारण कुछ छात्राओं को घबराहट और चक्कर आने की समस्या हुई, जबकि कुछ छात्राएं बेहोश भी हो गईं। जिन्हें तुरंत कॉलेज प्रबंधन ने ठंडा पानी, ग्लूकोज आदि पिलाते हुए प्राथमिक उपचार दिया और उनकी हालत में सुधार होने पर उनके परिजनों को बुलाकर उन्हें परिजनों के साथ घर भेज दिया।

## शिक्षक संगठन ने एसडीएम के नाम दिया ज्ञापन

# न मिला वेतन न क्रमोन्नति, शासन के आदेश हुए बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




बुधवार को शिक्षक संगठन ने एसडीएम विजय राय के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि आज दिनांक तक बासौदा ब्लाक के शिक्षकों को वेतन नही मिल सका है जबकि 1 तारीख को वेतन देने के शासन के आदेश हैं। अधिकतर शिक्षकों पर बैंक से लोन है उनकी सिविल खराब हो रही है, घर का राशन, बीमारी, शिक्षकों के बच्चे जो बाहर पढ़ रहे है, उनकी फीस खर्च आदि कई खर्च हैं। जिस कारण शिक्षकों को काफी कठिनाईयों से गुजरना पड रहा है। जब शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने विदिशा और अन्य ब्लॉकों से जानकारी मिलाई तो बीईओ कार्यालय ने बताया कि समय पर सांख्यकी नही बनाई गई। जिस कारण वेतन नही मिल सका है, जब समय पर कार्य करेंगें तो बजट भी उपलब्ध रहता है। रघुवंशी ने बताया कि सातवे वेतनमान की किश्त मंहगाई भत्ते का ऐरियर्स , क्रमोन्नति के आदेश विधानसभा चुनाव के पूर्व हो चुके हैं। शासन के आदेश का पालन नहीं होने के बाबजूद एनपीएस कटोत्रा में हजारों का प्रतिमाह नुकसान हो रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि तत्काल बजट की व्यवस्था की जाऐ, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों से बार बार दस्तावेज लेने के उपरांत भी पदक्रम सूची मे सुधार नही हुआ। कई शिक्षक अनैतिक रूप से संकुलो पर जमे हुए हैं, साथ ही नव साक्षरता सह समन्वयक को भी अपनी मूल संस्थाओ में भेजा जाऐ। सिर्फ वह कभी कभी हस्ताक्षर करके जेएसके पर रहते हैं। कई शालाओं में शिक्षकों की कमी है। ऐसे शिक्षको को कमी वाली शालाओं में भेजा जाऐ। जिससे शिक्षकों की कुछ पूर्ति होगी वहीं जो शिक्षक सेवानिवृत हो गये है उनके पद एक सप्ताह के अंदर रिक्त दर्शाए जाऐ। ऐसी कई समस्याओं पर संगठन ने एसडीएम से अनुरोध किया है कि दोषी प्राचार्यों और लिपिकों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाऐ, साथ ही बीईओ की उपस्थिति मे प्राचार्यों की एक बैठक आयोजित की जाऐ, जिससे कुछ समस्याओं का निराकरण किया जा सके। बैठक में शासकीय शिक्षक संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम खोंगरा में हुई हत्या का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा पुलिस ने ग्राम खोंगरा में हुए हत्याकांड के तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर थाना त्योंदा थाने में दर्ज बीएनएस की धारा 103(3), 296, 115(2), 351(3), 3(5) के फरार आरोपी अशोक आदिवासी उम्र 28 साल निवासी ग्राम खोंगरा को ग्राम सलारपुर से बुधवार को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में दो आरोपी हल्के आदिवासी व मुकेश आदिवासी को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा चुका है। अब अशोक आदिवासी की गिरफ्तारी के बाद शेष एक आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी अशोक आदिवासी को गुरुवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, जे.पी.मालवीये, शिव प्रसाद विश्वकर्मा, सत्येंद्र सिंह ,सुभाष, सतीस, रविंद्र तोमर की विशेष भूमिका रही।


### भंडारे में शामिल होने की अपील

**गंजबासौदा।** श्री गिर्राज मित्र मंडल द्वारा 17 से 21 जुलाई तक गोवर्धन धाम श्री कनक भवन, छोटी परिक्रमा मार्ग चकलेश्वर महादेव मंदिर के पास विशाल भंडारा एवं जल सेवा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं से शामिल होकर धर्मलाभ लेने एवं जनसेवा में सहयोग की अपील की गई है।

### टीम नहीं पहुंची नकली तेल बनाने वालों के यहां नागरिकों में आक्रोष

# खाद्य विभाग की टीम ने दूषित व नकली तेल के सैंपल लिए, व्यापारियों में मच गया हड़कंप







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में दूषित मीठा तेल खाने से एक ही परिवार के चार लोग बीमार हो गए और इस मामले को लेकर एसडीएम हर्षल चैधरी ने तत्काल दुकान जाकर कार्यवाही करते हुए गोदाम को सील कर दिया । एसडीएम के निर्देश के बाद विदिषा जिले से खाद्य विभाग की टीम ने आकर दुकान और गोदाम से तेल की पांच लीटर की कैने जब्त की इसके बाद शहर में किराना व्यापरियों में हडकम्प मच गई ।

पिछले दो दिन पूर्व टोकरा निवासी कदीर मन्सूरी ने षिकायत की थी की उनके द्वारा बस स्टैड स्थित शाह किराना स्टोर से कृति कम्पनी का तेल खरीदा गया था। इसके सेवन से उनके परिवार के चार लोग बीमार हो गए थे। जिन्हें उपचार हेतू शासकीय राजीव गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से उन्हें स्वास्थय गंभीर होने के चलते भोपाल रेफर किया गया था। मामले को हमारे द्वारा प्रमुखता से प्रकाषित किया गया था। इसी क्रम में एसडीएम हर्षल चैधरी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाही कर मंगलवार को शाह किराना स्टोर पर कई तरह की कंपनियों के तेल पाए गए। यह देख एसडीएम ने शाह किराना स्टोर की गोदाम को सील किया। वहीं इसके बाद एसडीएम हर्षल चैधरी कस्टम पथ स्थित होलसेलर सुदर्षन किराना स्टोर पहुंचे। यहां उन्होंने पूछताछ कर सुदर्षन किराना स्टोर की गोदाम को भी सील किया। इसमें खाद्य विभाग की टीम के साथ नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल रहे मौजूद ।

### प्रशासन और खाद्य विभाग ने मुख्य सरगना पे नहीं की कार्रवाई

कृति तेल एवं अन्य नकली तेलों को बनाने का कार्य सिरोंज में होता रहा है। इन नकली तेलों को पैकिंग कर के उनके ऊपर ब्राडेड सील लगाने के काम पूर्व से चलता रहा है। इस मामले को लेकर पूर्व में पुलिस थाने में कृति तेल के मालिक द्वारा सिरोंज थाने में रिपोर्ट कर आरोपी बनाया गया था । लेकिन स्थानीय उक्त व्यापारी ने साठ गांठ करके ठण्डा कर दिया था । लेकिन यह कार्य अभी भी आरोन रोड स्थित रोड पर नकली तेलों का कार्य चल रहा है। स्थानीय एसडीएम को उक्त व्यापारी के बारे में जानकारी भी दी गई है। लेकिन प्रशासन एवं खाद्य विभाग की टीम ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की ।

### इनका कहना है

नकली एवं दूषित तेलों के लिए नकली दूषित तेलों बनाने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल लिए है कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

**हर्षल चैधरी,** एसडीएम

**टीम ने सैंपल लिए हैं**

हमारी टीम ने शाह किराना एवं सुदर्षन किराना से पांच -पांच सैंपल लिए है। समय -समय पर कार्वाही की जाएगी।

**किरण श्रीवास्तव**
एवं खाद्य अधिकारी संदीप वर्मा जिला विदिशा

### *शहर में बिक रहा है लाखों रुपए का तेल, असली-नकली की जांच नहीं*

*सिरोंज शहर में प्रत्येक कम्पनी का तेल दुकानदारो पर मिल रहा है। लेकिन वह तेल नकली है या असली इसकी जानकारी नागरिकों को नहीं है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार एक व्यापारी द्वारा अभी भी सारी कम्पनियों का तेल पैकिग कर के दुकानो पर थौक में दिया जा रहा है। इस लाखों रूपयें के तेल की ब्रिक्री होने के बाद थौक व्यापारी द्वारा सिर्फ छोटी सी पर्ची पर बिल बनाकर दे दिया जाता है। लेकिन इस चीज को प्रषासन के अलावा सैल टैक्स इनकम टैक्स खाद्य विभाग स्थानीय प्रशासन ने कभी इस मामले की जांच नहीं की व्यापारी द्वारा व्यापारी संगठनों का पद लेकर पद की आड में नकली तेलों का कारोबार चलता रहता है। जब प्रषासन कार्वाही करता है तो उक्त व्यापारी द्वारा व्यापारिक संगठन का पद बताकर प्रषासन पर कार्रवाई न हो उसको लेकर दबाब बनाते है। महिला खाद्य अधिकारी की पुलिस रिपोर्ट पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब शहर में खाद्य विभाग की टीम कार्रवाई के लिए निकली तो जनवरी 2023 में किराना दुकान पर खाद्य विभाग ने प्रकरण बनाया तो उक्त व्यापारी द्वारा किराना व्यापार का पद बताते हुए महिला खाद्य अधिकारी किरण श्रीवास्तव एवं उनके सहयोगी इंस्पेक्टर संदीप वर्मा साथ अभद्र व्यवहार किया । इस पर महिला अधिकारी किरण श्रीवास्तव द्वारा एफआईआर भी पुलिस थाने में की थी। लेकिन प्रषासन द्वारा उक्त व्यापारी पर कोई कार्वाही नही की गई । जिस एफआईआर पर धारा 353 के अन्तर्गत प्रकरण कायम किया गया । लेकिन उक्त व्यापारी पर आज तक कोई कार्रवाई नही हुई । उक्त व्यापारी अपने आपको सर्वे सर्वा बताता है।*

# एसडीएम ने कैथन डैम में जल प्रदाय का निरीक्षण किया

**कैथन डैम में सिर्फ दो फीट पानी बचा है जल संकट गहराया जाने की आशंका**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज शहर की जलप्रदाय की व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रषासन कापी चिन्तित दिखाई दिया। इस बार सिरोंज में बरसात कम होने के कारण कैथन डैम में पानी नहीं होने के कारण प्रषासन एवं नागरिकों में चिंता के लहर नजर आ रही है। एसडीएम हर्षल चौधरी ने कैथन डैम पर पानी की टंकी का निरीक्षण किया । सतत जल प्रदाय सुनिश्चित करने हेतु तैयारियों का लिया गया जायज़ा। सेंटीफ़्यूगल पम्प से किया जा रहा है सप्लाई । इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने जल प्रदाय को लेकर नगरपालिका निर्देश देते हुए कहा की शहर की जनता को जल प्रदाय की कोई परेशानी न हो। उल्लेखनीय है कि सिरोंज कैथन डैम में डेढ से दो फीट पानी बचा हुआ है। यदि जुलाई माह में बरसात नहीं हुई तो सिरोंज वासियों को नियमित रूप से जल प्रदाय होना असंभव लग रहा है। कैथन डैम में मात्र पन्द्रह या बीस दिन के लिए ही जल उपलब्ध है। इस अवसर पर नगरपालिका सीएमओ पवन शर्मा, इंजीनियर रोहित सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे।

# नगरपालिका ने किया प्लॉग रन 2024 का आयोजन




सिरोंज। नगरपालिका परिषद सिरोंज द्वारा 9 जुलाइ 2024 स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अन्तर्गत प्लॉग रन का आयोजन किया गया । जिसमें संस्कार ग्रीन वैली स्कूल एवं सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया । प्लागरन को अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी, नपा उपाध्यक्ष श्री मनोज साईनाथ एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन शर्मा एवं पार्षद गणों द्वारा हरी झण्डी दिखाई गयी । इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी श्री हर्षल चैधरी एवं नपा स्वस्थय अधिकारी शधीरज मैना द्वारा विद्यार्थियों एवं नागरिकों को अपने आस पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने हेतू शपथ दिलाई गई । प्लाग रन नगरपालिका से प्रारम्भ होकर हाजीपुर होते हुए जय स्तम्भ पर पहुंची। प्लाग रन के दौरान दुकानदारों एवं नागरिकों को साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतू जागरूक किया गया एवं सडकों पर कचरा न फेंकने की अपील की गई । इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री पवन शर्मा एवं पार्षद गण श्री इमरान कुरैशी, सजंय सोनी, राजा मियां, हरिचरण अहिरवार , बलजीत यादव, तोषमणी पंथी के साथ नगरपालिका के कर्मचारी व विद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र -छात्राए उपस्थित रहें ।

**उत्तर छेत्रीय युवा लेखक सम्मेलन का आयोजन**

# युवा लेखक सम्मेलन में स्तुति अग्रवाल ने किया उर्दू का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




साहित्य अकादमी दिल्ली और मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में पहली बार उत्तर छेत्रीय युवा लेखक सम्मिलन का आयोजन किया जिस में बहुभाषीय साहित्यकारों ने हिस्सा लिया।

उत्तर छेत्र के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ उर्दू, संस्कृत, अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी, कश्मीरी और डोगरी में किया। सिरोंज की स्तुति अग्रवाल ने उर्दू का प्रतिनिधित्व किया और अपना लेख मैं क्यों लिखती हूं प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सबसे युवा लेखिका स्तुति ने साहित्य अकादमी के उर्दू भाषी कन्वेनर चंद्रभान खयाल का ज़िक्र किया जो उर्दू की तरक्की के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मैं उर्दू भाषी तो नही हूं लेकिन मेरे पापा अनिल अग्रवाल, जो खुद उर्दू से मोहब्बत करते हैं, ने मुझे उर्दू पढ़ने का मशवरा दिया। सैफी सिरोंजी ने मुझे उर्दू लिखना पढ़ना सिखाया, मैंने बारह वर्ष की उम्र से उनकी आपबीती पढ़कर लेखन शुरू किया। उन्होंने कहा कि उर्दू पढ़ने के लिए मैंने कॉन्वेंट स्कूल की पढ़ाई छोड़ दी और तेरह साल की उम्र में मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी का मुशायरा पढ़ा। उन्होंने ष्कुदरत ने मुझको दोस्तो तोहफा बड़ा दिया, तेरह बरस की उम्र में शायर बना दियाष पढ़कर तालियां बटोरी। लेखन की वजह बताते हुए वह कहती हैं कि कुछ लोग प्राकृतिक सुंदरता से प्रभावित होकर लिखते हैं, कुछ लोग इश्क की नाकामियों का बयान अपने लेखन में करते हैं और कुछ लोग इसलिए लिखते हैं कि वह दुनिया बदल देना चाहते हैं लेकिन मेरा मानना है कि हर लेखक अपनी इज़्ज़त और शोहरत के लिए लिखता है।

इस प्रोग्राम पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि आज युवा साहित्य से दूर हो रहा है। युवा साहित्यकारों को प्रस्तुति का मौका देने की साहित्य अकादमी की अच्छी पहल है। नौजवान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनको अलग अलग भाषाओं में अपनी रचनाओं की अभिव्यक्ति का अवसर मिल रहा है जिससे युवाओं को खुला आसमान मिल रहा है।

# दालों, मिर्च, मसालों के बाद हरी सब्जियों पर महंगाई की मार

**टमाटर हुआ लाल, हरी मिर्च और अधिक तीखी हुई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

इस वर्ष तुअर दाल, चना दाल, चावल के रिकार्ड तोड़ भाव के साथ मिर्च, मसालो, घी, तेल, के भाव आसमान छू रहे है। बारिश का सीजन शुरू होते ही हरी सब्जियों के आसमान छूते दाम सुनते ही खरीददारो को पसीना छूटने लगता है। टमाटर, हरी मिर्च, धनिया, आलू, प्याज, बेंगन, भिंडी, गिलकी, लोकी के दामों की दुगनी वृद्धि हो रही है। टमाटर की क्वालिटी ठीक न होने के बाद 80-100 रुपए किलो, हरी मिर्च 125-150 रुपए किलो, और हरी धनिया का स्वाद खुशबू लेना अब कठिन हो रहा है। कच्चे आम की केरी का आचार डालने का सीजन चल रहा है। भाव 80 रुपए किलो बने हुए है। जिससे अचार खाने की शौकीन निराश है। आलू जो प्रत्येक सब्जी में उपयोग होता है। भाव 40 रुपए और घर घर प्रत्येक सब्जी में तड़का में उपयोग की जाने वाली प्याज के भाव क्वालिटी के अनुसार 40 से 60 रुपए किलों हो गए है।

### बाहर से आ रही सब्जियां

क्षेत्र में सर्दी, गर्मी के दिनो में टमाटर सहित अन्य हरी सब्जियों का भारी उत्पादन होने से क्षेत्र से सब्जिया बाहर की मंडियों में जाती है। वर्तमान में ठीक उल्टा है टमाटर, हरी मिर्च, प्याज, भिंडी सहित अन्य सब्जिया बाहर से बरेली मंडी में आ रही है। लोकल में पुरानी फसल समाप्त होने के बाद नई पौध बेला लगाई जाने के कारण सब्जियों का लोकल उत्पादन लगभग शून्य बना हुआ है। पाली हाउसों में पैदा होने वाली सब्जिया ही मार्केट में बिकने आने से भाव आसमान छू रहे है। परिवार, गृहणिया हरी सब्जियों के भाव बढ़न से थाली में क्या परोसे की विकट स्थितियों का सामना कर रही है।

# क्षेत्र में कम बारिश का असर, हजारों एकड़ में धान की रोपाई हुई प्रभावित

**बारना की नहरों में छोड़ा पानी, गड्ढों में भरकर किसान कर सकेंगे धान की रोपाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



कुदरत की भी अजीब लीला है। कही अतिवृष्टि बाढ की स्थिति तो नर्मदा क्षेत्र के निवासी और धान की खेती करने वाले हजारों किसान जोरदार बारिश के लिए तरस रहे हैं। जून का महिना में अल्पवर्षा हुई। जुलाई के 10 दिन बीत गए परंतु जोरदार बारिश और मौसम में ठंडक न होने से किसान का धान रोपाई कार्य निरंतर पिछड़ रहा है। किसान धान की रोपाई कर सके इसके लिए बाड़ी स्थित बारना बांध की नहरों में 820 क्यूसेक पानी छोड़कर किसानों को राहत देने का प्रयास बारिश की शुरूआत में ही किया जा रहा है।

क्षेत्र में औसत 40-45 इंच बारिश होती है। प्री मानसून की बारिश 8-10 जून को शुरू हो जाया करती थी। चालू वर्षा सीजन में जून माह में कम बारिश के साथ भीषण गर्मी, उमस की स्थिति बनी रही। जुलाई में एक-दो बार अच्छी बारिश से मौसम तो बदला परंतु इतनी बारिश नहीं हुई कि किसान निरंतर धान रोपाई का कार्य कर सके। पिछले 2 दिनों से बारिश न होने के साथ भारी गर्मी, उमस से लोग हैरान परेशान और धान की खेती करने वाले हजारों किसान जोरदार बारिश की आस में आसमान की ओर टक टकी लगा कर देख रहे है। आसमान में बादल तो छा रहे है परंतु बिन बारिश गायब हो जाने से वर्षा की खेंच धान की खेती में भारी बिलंब और परेशानियों का कारण बन रहा है।

**ट्यूबवेलों का सहाराः** धान की क्यारियों में ट्रैक्टर से मचाई कर ही धान की रोपाई हो पाती है। जिससे धान में कचरा कम हो। किसानों ने जोरदार बारिश का लंबा इंतजार किया अब ट्यूबवेलों से धान की क्यारियों में पानी भरा जा रहा है। जिस प्रकार की स्थिति जून एवं जुलाई के शुरूआती 10 दिनों में कम बारिश की बनी है, और निरंतर धान की रोपाई का कार्य पिछड रहा है। किसानों को राहत देने बाड़ी स्थित बारना बांध से नहरों में 820 क्यूसेक पानी छोड़कर राहत देने का प्रयास हुआ है। नहरों के पानी का लाभ उठाकर कुछ हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई हो सकती है। परंतु जिस व्यापक स्तर पर किसानों द्वारा धान की खेती की जाना है, लगभग आधा क्षेत्र प्राकृतिक बारिश के भरोसे और ट्यूबवेलो की मदद से किसानों द्वारा धान की खेती की जाती है। यदि बारिश की स्थिति इसी प्रकार रही तो इस वर्ष धान की खेती का रकबा कम भी हो सकता है।

# गौरझामर में चलती कार आग लगने से हुई खाक, जान बचाने कूदे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरझामर



केसली से सागर जा रही एक फोर व्हीलर कार मे गौरझामर के पास अचानक आग लग जाने के कारण कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब साढे बारह बजे के लगभग एक तेज गति फोर्ड कंपनीकी ईको स्पोर्ट फोर व्हीलर कार जिसका नम्बर यूपी 32 एच एस 9166 बताया जाता है, केसली से सागर जाते समय गौरझामर के पास हाता चौराहा बूठे वेयर हाउस के नजदीक उसमे अचानक आग लग गई। आग लगते ही कार मे सवार चालक धर्मेंद्र पांडे तथा आशीष राय व राम विशाल राठौर ने कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जाता है की कार से काफी मात्रा मे आयल गिर रहा था, घटना स्थल पर पानी की तात्कालिक व्यवस्था के अभाव मे आग पर काबू नही पाया जा सका। फायर लारी के देरी से आने के कारण तब तक कार जल चुकी थी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगो की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की।

### बीड़ी श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा वित्तीय योजना

**सागर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को वित्तीय सहायता योजनांतर्गत छात्रवृत्ति की राशि मिलेगी।




# ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत पौधरोपण का आयोजन

**सागर।** प्रधानमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार वनमण्डल अधिकारी, दक्षिण सागर के प्रयास से बुधवार को नगर वन सागर में 150 पौधों का रोपण किया गया। अभियान के अंतर्गत इस मानसून सीजन में 7500 पौधे नगर वन में रोपित किए जाएंगे। पौधरोपण कार्यक्रम में आकाश सिंह राजपूत एवं उनके साथ आए जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर वन सागर में पौधरोपण किया गया व राजपूत द्वारा नगरवासियों से नगर वन आकर चल रहे अभियान में सम्मिलित होकर पौधरोपण करने हेतु आग्रह किया गया, कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि सिंह, परिक्षेत्र सहायक विनोद चौबे, उप वनक्षेत्रपाल राकेश तिवारी, आकाश पाशी, चंद्रप्रताप सिंह, राजू यादव व समस्त वन स्टाफ के सम्मिलित प्रयास से पौधरोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# मुनि श्रेयांश सागर महाराज का संघ नगरागमन

### जैन समाज के लोगों ने की भव्य अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

आचार्य विद्या सागर महाराज के शिष्य मुनि श्रेयांश सागर महाराज, क्षुल्लक निजात्म सागर महाराज का ससंघ नगरागमन हुआ। नगर प्रवेश पर जैन समाज के साथ अन्य गणमान्य नागरिकों ने बैंड बाजों के साथ भव्य अगवानी की गई और जैन मंदिर लाया गया। सकल जैन समाज द्वारा मुनि संघ से पावस चतुर्मास का आग्रह निवेदन किया। मुनि संघ के नगरागमन पर जैन समाज के द्वारा स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई थी।

जैन समाज के परिवारों द्वारा जैन मुनियो के पैर पखारने के साथ आरती, पूजन कर आर्शीवाद लिया जाता रहा। संत भवन में वर्षाकाल के कार्यक्रमो की शुरूआत हुई। मुनि संघ के नगरागमन और प्रवेश के दौरान पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, नपं. के अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, पार्षदों, हिउस, व्यापार महासंघ, जैन पंचायत कमेटी, जैन युवा मंडल, महिला मंडल के पदाधिकारियों, सदस्यो के साथ जैन समाज के नर-नारियों, नागरिको की उपस्थिति रही।



### खरगोन के पास पुलिस के नीचे मिली शव

**बरेली/खरगोन।** खरगोन के आसपास आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले माह बटेरा के पास खेत में दबी लाश मिली थी। जिसकी अभी जांच ही चल रही है। अहमदपुर चौराहे पर बने ब्रिज के नीचे पानी में पड़ी हुई 40 वर्षीय आदिवासी निवासी भौडिया नेतराम की संदिग्ध स्थिति में मिली लाश पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। 40 वर्षीय नेतराम आदिवासी ग्राम भौडिया का निवासी और तीन छोटे-छोटे बच्चो, अपनी माँ का भरण पोषण मेहनत मजदूरी से कर रहा था। उसकी लाश मंगलवार को सुबह ब्रिज के नीचे पानी में पडी हुई मिली। सोमवार को मजदूरी के बाद वापिस घर आया और सब्जी देकर चला गया था। दूसरे दिन मंगलवार को उसकी लाश मिली। युवक नेतराम आदिवासी की मौत कैसे और किन कारणो से हुई पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस ने लाश का पीएम करवा कर शव परिजनो को सौंप दिया।



## पहले 3 अब 7 दिन में जांच करने का वादा कर रहे जांच अधिकारी एसडीएम

# पशु आहार मामले में निष्पक्ष जांच पर टिकी हैं लोगों की निगाहें

## गोशाला सांईखेड़ा का पशु आहार खेत में दबे मिलने के मामले की जांच कर रहे एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नागरिकों की निगाहे जांच अधिकारी की उस निष्पक्ष जांच पर टिकी हुई है जो कि ग्राम पंचायत सांईखेड़ा में स्थित गोमाता के पशु आहार पर डाका डाल कर खेत में दबा कर रखा था। मामले की जांच एसडीएम प्रकाश नायक कर रहे है जो कि निष्पक्ष जांच के लिए पहचाने जाते हैं। बता दें कि गोशाला का पशु आहार सरपंच के खेत में दबा कर रखने तथा खुलासा होने पर एसडीएम द्वारा मौका स्थल की जांच व पंचनामा की कार्रवाई के बाद पानी में बहा देने के आरोप जिम्मेदारों पर लगे हैं। अब देखने वाली बात यह है कि गोमाता के आहार पर डाका डालने वाले तथाकथित आरोपियों पर



कार्रवाही होगी या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

गौमाता के आहार पर डाका डालने वाले मामले को लेकर प्रदेश भर में चर्चित हो चुकी ग्राम पंचायत सांईखेड़ा के क्रियाकलापों की जांच की मांग की जा रही है। ज्ञात रहे कि

### गोमाता के आहार पर डाका डालने वालों की सही जांच हो

*सांईखेड़ा गोशाला के पशु आहार को खेत में दबाए जाने के मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी एसडीएम की कार्यशैली को लेकर नागरिको में अनेक तरह की कानाफूसी चल रही है। उनका कहना है कि 5 दिन बीतने के बाद भी जांच अधिकारी जांच को क्यो लंबित कर रहे हैं, क्या जांच के नाम पर खेल खेला जा रहा है या दबाब जांच अधिकारी पर है। बहरहाल जो भी हो लेकिन जांच अधिकारी को गोमाता के आहार पर डाका डालने वालों के खिलाफ सच को उजागर करती हुई जांच करनी होगी।*

जांच अधिकारी एसडीएम ने इस प्रतिनिधि से मंगलवार को चर्चा में 3 से 4 दिन में जांच कर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किए जाने का दावा किया था लेकिन आज जांच अधिकारी मीडिया से बोले कि 7 दिन में जांच की जाएगी। बार बार बयान बदल रहे जांच अधिकारी की कार्यशैली को नागरिक संदेह भरी नजर से देख रहे है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि विधानसभा मुख्यालय से 6 किमी दूर स्थित सांईखेड़ा ग्राम पंचायत की गौशाला के लिए आए पशु आहार को तथाकथित जिम्मेदारों द्वारा खुर्दबुर्द करने की मंशा के तहत एक खेत में दबा कर रखा था, यह खेत सरपंच के पिता के नाम होना बताया जा रहा है। खेत में पशु आहार दबाकर रखने की शिकायत के बाद एसडीएम अत्याधिक जद्दोजहद करते हुए बरसते पानी में कीचड़ में लथपथ होकर खेत के उस हिस्से तक पहुचें जहां पर कि पशु आहार को दबा कर रखा गया था। हालांकि जांच अधिकारी एसडीएम के द्वारा बिंदुबार जांच प्रारंभ कर दी है तथा दावा किया है कि अतिशीघ्र जांच कर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित कर दिया जाएगा।

नागरिकों की निगाहे एसडीएम की जांच पर टिकी हुई है। नागरिको में गुस्सा इस बात का है कि गाय को गोमाता माना जाता है उसी गोमाता के आहार पर डाका डालने का कार्य किया जा रहा है। हालांकि नागरिक जांच रिपोर्ट में दर्ज होने वाली निष्पक्ष शब्दावली का इंतजार कर रहे है कि क्या जांच निष्पक्ष होगी या गोमाता के आहार पर डाका डालने वाले आरोपियो को बचा लिया जाएगा। यह तो आने वाले समय में ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी, लेकिन इतना तो तय है कि ईश्वर की बगैर आवाज वाली लाठी से कोई नही बच पाएगा है।

## भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर गड्ढों की वजह से रोज़ हो रहे हैं हादसे

# शादी में जा रहे परिवार की कार हाईवे के गड्ढों से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, 7 घायल

- सलामतपुर थाना क्षेत्र के सोजना गांव का मामला
- एमपीआरडीसी विभाग नहीं दे रहा है कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

बुधवार के दिन दोपहर लगभग 1 बजे भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के सोजना गांव के सामने एक टवेरा कार गड्ढों के कारण अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गई। और पेड़ से टकराकर छतिग्रस्त हो गई। कार में सवार सात लोगों को मामूली चोटें आईं हैं। यह परिवार मंडीदीप से विदिशा शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। सलामतपुर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार में सवार सभी लोगों को दूसरे वाहन से विदिशा भेजने की व्यवस्था की।

वहीं जानकारी अनुसार दोपहर लगभग एक बजे हाइवे के सोजना गांव के सामने एक टवेरा कार एमपी 32 बीसी 0294 जिसमें मंडीदीप से एक ही परिवार के छह से सात लोग विदिशा शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

रास्ते में सोजना गांव के पास हाइवे के गहरे गड्ढों में कार का अगला पहिया जाने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। वो तो गनीमत रही कि कार में सवार लोगों को मामूली ही चोटें आईं वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं टवेरा कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया।





### आए दिन हो रहे हादसों को देखते हुए स्थानीय रहवासियों ने हाईवे 18 को 4 लाइन करने की उठाई मांग

*भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस भी इस हाइवे 18 सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है। और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।*

### बड़ी दरों के साथ टोल टैक्स वसूलने के बाद भी नही हो रहा पेंचवर्क

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर आरएमएन टोल टैक्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा टोल टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जिसमें हल्के कमर्शियल वाहन से 65 रुपये, खाली या भरे हुए ट्रक से 165 रुपए तो वहीं मल्टी एक्सल वाहन से 325 रुपए वसूल रहे हैं। बावजूद इसके हाइवे रोड पर मरम्मत नही कराई जा रही है। जबकि स्टेट हाइवे 18 रोड पर भोपाल के भानपुर से लेकर सूखीसेवनिया, बालमपुर, भदभदा, देहरी, दीवानगंज, कुल्हाड़िया, बेरखेड़ी चौराहे और सलामतपुर त्रिमूर्ति चौराहे तक गहरे गहरे गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। लेकिन एमपीआरडीसी का गैर जिम्मेदाराना रवैया लोगों की मुसीबत बना हुआ है।*

### इनका कहना है

*नेशनल हाईवे 146 और स्टेट हाईवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है। जिसकी वजह से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी संकेतक बोर्ड नही लगाए हैं। इसीलिए यहां पर आए दिन हादसे बढ़ रहे हैं। इस सड़क को शीघ्र ही 4 लाईन किया जाए। लोग तो अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहने लगे हैं।*

**रघुवीर मीणा,**
सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई

# स्कूल के रास्तों में कीचड़ व गंदगी से बच्चे परेशान

## चप्पल हाथ में रखकर स्कूल जाने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

ग्राम अंबाड़ी में सरकारी स्कूल के रास्ते पर कीचड़ और गंदगी पसरी हुई है, जिससे स्कूल आने वाले बच्चे परेशान है। जबकि जिम्मेदार स्कूल प्रबंधन न परिसर की सफाई करा रहा है और न ही संबंधित ग्राम पंचायतें इन रास्तों को ठीक कराने पर ध्यान दे रही है।

परिणामस्वरूप बच्चों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों द्वारा स्कूल के रास्ते पर ही पूरा कचरा फेंका जाता है वहीं स्कूल के रास्ते में ही नालियों का पानी बहता रहता है, जिससे इसी गंदगी में से निकलकर बच्चे स्कूल पहुंचते हैं और उनके कपड़े भी गंदे हो जाते हैं वही स्कूल ग्राउंड में भी जगह-जगह पानी भरा रहता है जिससे मच्छर मक्खी के कारण बच्चे बीमार हो जाते हैं।

ग्राम अंबाडी के एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला के रास्ते में इन दिनों कचरे के ढेर लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने स्कूल परिसर के रास्ते में गोबर कचरा के ढेर लगा दिए हैं। वही स्कूल के रास्ते में नालियों का पानी सड़क पर 12 महीने बहता रहता है, जिससे स्कूल के रास्ते में कीचड़ से बच्चे होकर निकलने को मजबूर हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। गंदगी से जहां बच्चे मैदान में खेल नहीं पा रहे हैं। इस गंदगी से स्कूल परिसर क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं, जिससे बच्चों के बीमार होने का भी खतरा बढ़ गया है।

बताया जा रहा है कि स्कूल के शिक्षकों ने ग्राम पंचायत में इस बात की शिकायत की थी। लेकिन सुनवाई न होने के बाद उन्होंने भी आगे कोई कार्रवाई नहीं की। इधर स्कूल के सामने रास्ते पर कीचड़ होने की वजह से बच्चे परेशान हैं।

इस संबंध में छात्र सचिन ने बताया कि स्कूल में पहली से लेकर आठवीं तक के बच्चे पढ़ने आते हैं। पूरे दिन भर स्कूल में बदबू आती रहती है। बदबू आने के बावजूद भी हमें स्कूल में बैठना पड़ता है।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक से भेजा शिकायती पत्र

# ग्राम पंचायत सांईखेड़ा के कार्यों की ग्रामीणों ने की जांच करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत सांईखेड़ा में लाखों रुपए की शासकीय राशि की हेराफेरी किए जाने संबंधी शिकायत ग्रामीणों ने महामहिम राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री कार्यालय को कर जांच की मांग की है।

स्थानीय व जिले के अधिकारियों द्वारा शिकायत पर कार्रवाही ना किए जाने से आजिज हो चुके ग्रामीणो ने महामहिम राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत पत्र भेज कर शिकायत पत्र में वर्णित आरोपो की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आशा जताई कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने का वादा करने वाले मुख्यमंत्री शिकायत पत्र पर कार्रवाही करा कर आरोपी सरपंच पर कार्रवाही करना सुनिश्चित करेगे।

शिकायत पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम में स्थित गोशाला के संपूर्ण बिलो की जांच तथा बिलदाता के कथन ग्राम सभा में कराए जावे, 1 मई 2023 से 9 जनवरी 2024 तक गौशाला पूर्ण रूप से बंद रही है फिर भी वर्तमान में उसका भुगतान कैसे हुआ इसकी जांच होनी हो, गौशाला का गोबर खाद 3 वर्ष का बिना नीलामी के सरपंच ने अपने खेतों में क्यो डलवाया इसकी जांच हो, पशु आहार सरपंच अपने निजी मकान में खाली करवाता है कभी गौशाला नहीं गया, नए सरपंच के कार्यकाल में मात्र 50 से 60 बोरी पशु आहार गौशाला पहुंचा है शेष पशु आहार कहां गया इसकी जांच हो।

### शिकायती पत्र में ग्रामीणों के हस्ताक्षर

*ग्राम पंचायत में जितने भी बिल लगते हैं वह मात्र 4 से 6 लोगों के ही लगते हैं चाहे नाली की सफाई कार्य हो या गौशाला के गोबर, भूसा के बिल हो वास्तव में जो लोग नाली की सफाई या गोबर का कार्य या भूसा का कार्य करते हैं कभी उनके बिल नहीं लगते इसकी भी जांच होनी चाहिए। सरपंच माधव सिंह रघुवंशी के कार्यकाल में बाजार नीलामी की राशि, कर वसूली बुक की राशि, विधायक निधि मद की राशि उस राशि का उपयोग सरपंच अपने उपयोग में खर्च करते हैं इसकी भी जांच हो। दो पानी मोटरों के बिल बोर में डालने के बिल लगाकर डेढ़ लाख राशि आहरण कर हड़प ली गई, वर्ष 2023 में एवं पत्नी, मां की हाजिरी फर्जी तरीके से नरेगा में चला रहे हैं और राशि हड़प रहे हैं एवं नरेगा के मजदूरों के खाते एवं एटीएम कार्ड सरपंच अपने पास रखकर पूरी राशि हड़प रहे हैं इसकी भी जाँच हो। शिकायत पत्र पर ग्रामीण कमला बाई, गोविंद प्रसाद, धर्मेंद्र, महेश, नीरज रघु, बृजेष, रामसिंह आदि के हस्ताक्षर है।*

# दिनोंदिन दुर्दशा के दलदल में घंसता जा रहा बाड़ी नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जिले का तहसील मुख्यालय बाड़ी दिनों-दिन दुर्दशा की दलदल में घंसता जा रहा है बीते कई दशको में विकास इस नगर को छू भी नहीं पाया है। मूलभूत सुविधाएं इस नगर से पलायन कर चुकी हैं मौलिक सुविधाओं के लिए बासिन्दों का जिदोजहद जारी है बीते दशकों में विकास के बादे और दावे करने वाले कथित जनप्रतिनिधि आगामी दावों और वादों की खोज में गुम हो गए हैं भाभी पीढ़ी के भविष्य से बेबर होकर नगर का बासिंदा महज भीड़ बढ़ने का हिस्सा बनकर रह गया है ।

### अस्पताल खुद बीमार

नगर में पूर्व में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में योग, अनुभवी, विशेषज्ञ, चिकित्सा, पदस्थ थे जैसे ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन हुआ सुविधा भी बीमार हो गई। विकास के नाम पर ढाई करोड़ की लागत वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को गिनाया जाता है उसमें संविदा पर नियुक्त दो-तीन चिकित्सक पदस्त है। विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है उपचार सुविधा नदारद है। इस स्वास्थ्य केंद्र पर बाड़ी सहित आसपास के करीब दो दर्जन गांवों को स्वास्थ सुविधा प्रदान करने का भार है।

### बेलगाम अतिक्रमण

बाड़ी के गली मोहल्ले से लेकर आवागमन के प्रमुख मार्गों के फुटपाथ स्थाई अस्थाई अतिक्रमण से लवरेज हो चुके हैं और यह सिलसिला निरंतर जारी है जहां तक की तहसील मुख्यालय पर स्थित शासकीय गोहों पर पक्के आवासीय निर्माण हो चुके हैं तो कहीं गोहो पर अतिक्रमण का व्यावसायिक लाभ लिया जा रहा है इन अतिक्रमणकारियों में अधिकांशतः रसूखदार और राजनीतिक दल से जुड़े व्यक्ति हैं लिहाजा प्रशासन भी उदासीन बना हुआ है। चौपायों के लिए आरक्षित गोठान पर दो पायों का कब्जा होने से चौपाये आवागमन के प्रमुख मार्गों पर झूडं बनाकर बाधक बने हुए हैं इसे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। जनचर्चा के अनुसार नगर में दो गौशाला संचालित है बावजूद इसके मवेशी आवागमन के मांगों पर खड़े हैं बेतहाशा अतिक्रमण से पैदल चल पाना भी जोखिम भरा हो गया है। आश्चयजनक है कि अतिक्रमण से लवरेज मागों से जिम्मेदार वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कई बार गुजरते हैं परंतु उन्हें अतिक्रमण कहीं नजर नहीं आया।

### शालाएं हैं पर शिक्षा नहीं

वैसे तो नगर में कई शासकीय प्राथमिक माध्यमिक और हाई स्कूल संचालित है किंतु प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं से बुनियादी शिक्षा पलायन कर चुकी है विद्यार्थी जहां खेलकूद और मध्यान्ह भोजन में मस्त रहते हैं तो शिक्षा शिक्षिकाएं गप्पे लड़ाने और अपने निजी कार्य में व्यस्त रहते हैं। नियुत्रण के लिए राजरू शिक्षा केंद्र, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में भारी भरकम फौज है बावजूद इसके शिक्षा का स्तर रसातल की ओर जा रहा है, शालाऐं खंडहर में तब्दिल हो रही है शालाऐं मनोरंजन और टाइम पास करने का साधन बनकर रह गई है ।

### दो कमरों का शासकीय महाविद्यालय

*क्षेत्र के युवक- युवतियों को उच्च शिक्षा अध्ययन हेतु दूर दराज के शेरों की ओर दौड़ लगाना पड़ रही है इससे इनके परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक वोझ के अलावा प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है निम्न आयवगीय परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं खाने को बीते 4-5 वर्षों से यहां शासकीय कॉलेज संचालित है जो कि नगर की शासकीय स्कूलों के दो कमरों में संचालित होता रहा है। वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय शासकीय कन्या माध्यमिक शाला के दो कमरों में संचालित है इस कॉलेज में महज कला और वापिज्य विषय है चंद स्थानीय छात्र-छात्राओं ने इस महाविद्यालय में प्रवेश लिया है कॉलेज के कर्मचारी भोपाल से अपडाउन करते हैं कॉलेज निर्माण की राशि स्वीकृत हुए 5 वर्ष बीत गए किंतु अभी तक भी बिल्डिंग नहीं बन पाई है बिल्डिंग का काम ही शुरू नहीं हुआ है।*

### अधर में लटकी मंडी

पिछले लंबे समय से तहसील अंतर्गत ग्रामों के कृषक कृषि उपज मंडी की मांग करते आ रहे हैं सत्ताधारियों से लेकर गली मोहल्ले गांव के जनप्रतिनिधियों तथा जिलाधीश तक को ज्ञापन आवेदन देकर अपनी पीड़ा परेशानी से अवगत करा चुके हैं परंतु अभी तक भी कृषि उपज मंडी की सौगात नहीं मिल पाई है। मेला है तो केवल चुनावकाल में आश्वासन मंडी के अभाव में कृषकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बीते दस वर्षों से मंडी उधर अधर में लटकी हुई है।

### केवल दावे और वादे

कहने को इस नगर के हर गली मोहल्ले में राजनैतिक दल से जुड़े अनगिनत कथित जनप्रतिनिधि निवास करते हैं परंतु उन्हें अपने ही नगर के विकास से कोई सरोकार नहीं है।

### इनका कहना है

आप जो समस्या बता रहे हैं उन सब पर कार्रवाई कर उनका जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

**प्रमोद कुमार,** तहसीलदार बाड़ी

## जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक सह कार्यशाला सम्पन्न

# वृक्ष जीवन का सबसे बड़ा आधार है - जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

वृक्ष हमारे जीवन का सबसे बड़ा आधार है। वृक्ष से ही जीवन है। वृक्ष हमें जीवनदायी ऑक्सीजन देते हैं। वर्तमान में अधिक से अधिक पौधरोपण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सभी एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में सहभागिता कर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और सुरक्षा का संकल्प लें। यह उद्गार जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह मीणा ने जिला पंचायत की कार्यशाला एवं साधारण सभा में व्यक्त किए।

सागर रोड स्थित अमरावद नर्सरी में आयोजित कार्यशाला सह बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला




पंचायत अध्यक्ष ने जिला पंचायत के सभी सदस्यों को कार्यशाला के प्रारंभ में संबोधित करते हुए कहा कि हर एक व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए।

बैठक सह कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने जिले में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान, एक पेड मां के नाम अभियान एवं पंचायत विकास सूचकांक तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान सभी सदस्यों द्वारा पौधरोपण करते हुए वायुदूत एप में फोटो भी अपलोड कराई गई।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा गोवंश के संरक्षण, उनके इलाज एवं सडकों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जिले में गौवंश पेट्रोलिंग अंतर्गत किए जा रहे कार्यां की जानकारी से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, जिसकी जनप्रतिनिधियों द्वारा सराहना की गई। बैठक सह कार्यशाला में सभी जिला पंचायत सदस्य, सांची जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित जिले के विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दबिश देकर अवैध मदिरा के 5 प्रकरण दर्ज, 4 किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त वन्दना पाण्डेय के निर्देश पर एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्त्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को वृत्त बरेली केप्रभारी उप निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा द्वारा बाड़ी के वार्ड नंबर 10 इंदिरा कालोनी, सिंधी केम्प बाड़ी, ग्राम घोंट एवं ग्राम सीरावाड़ा में मय आबकारी स्टाफ के दबिश देकर अवैध मदिरा के 5 प्रकरण आबकारी तहत कायम कर विवेचना में लिए।



उक्त कार्यवाही में 4 आरोपीगण रमेश रायसिख, इंदिरा बाई राजपूत, सुरेश अहिरवार एवं देवेन्द्र राजपूत को मौके पर गिरफ्तार किया तथा एक प्रकरण में आरोपी मौके पर नहीं मिलने से अज्ञात में प्रकरण कायम किया। कार्यवाही में 20 पाव मसाला मदिरा, 28 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा एवं 240 किलोग्राम गुड़ लाहन जप्त किया गया। जप्त सामग्री का बाज़ार मूल्य रुपये 31600/- आंकलित किया गया।

# सड़क से मवेशियों को हटाया, गोशाला छोड़ा

## नगर पालिका ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को नगर पालिका द्वारा शहर की सड़कों पर बैठने वाले मवेशियों को पकड़ कर गोशाला में छोड़ने की कार्रवाई की गई। शहर के गोपालपुर, चोपड़ा और सागर रोड पर बड़ी संख्या में पशु रोड पर पाए गए। इस दौरान नपा के कर्मचारियों द्वारा पशु वाहन में मवेशियों को भरकर गोशाला छोड़ा। आदेश के बाद जिला प्रशासन द्वारा सड़कों से पशुओं को हटाने कार्रवाई की जा रही है।

जिपं सीईओ द्वारा आदेश जारी किए हैं कि जिन क्षेत्र में रोड पर पशु पाए जाते हैं तो उन पंचायत की पूरी जिम्मेदारी के साथ पशुओं को रोड से हटाकर पशु मालिक को भी समझाइश देना है। जबकि शहरी क्षेत्र में एसडीएम द्वारा नपा को निर्देश दिए थे। साथ ही गौ सेवकों द्वारा पशुओं को रोड से हटाकर गौशाला में छोड़ने ज्ञापन भी सौंपा था।